# खुदी पड़ी सड़क, कीचड़-पानी और गड्ढों के कारण परेशान हो रहे आमजन

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 11 जुलाई. शहर में विकास कार्यों की धीमी रफ्तार और निर्माण एजेंसियों की लापरवाही का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में हालात और भी खराब हो गए हैं।**

**गाड़ाघाट से कारगिल चौक तक बननी है सड़क**

**निर्माण की धीमी चाल से आमजन हो रहे परेशान**

गाड़ाघाट से कारगिल चौक तक लगभग 7 करोड़ रुपये की लागत से बन रही सडक का निर्माण कार्य अव्यवस्थित तरीके से किए जाने के कारण लोग पिछले कीचड़, पानी और गड्ढों के बीच आवागमन करने को मजबूर हैं। बता दे कि बैतूल विधायक के प्रयासों से सबसे व्यस्ततम मार्ग कारगिल चौक से अखाड़ा चौक गाडाघाट होते हुए ओल्ड एनएच 69 तक 7 करोड़ 89 लाख 35 हजार रुपए की लागत से 2.70 किमी सडक का निर्माण होना है। जिसके लिए विभाग ने चार माह पहले सडक की नपाई कर अतिक्रमण चिन्हित किये थे। इन अतिक्रमण के हटने के बाद काम में तेजी आने की उम्मीद थी, लेकिन अभी भी निर्माण कार्य कछुआ चाल में चल रहा है। जिसका खामियाजा आमजनता को चुकाना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार निर्माण कार्य शुरू हुए काफी समय बीत चुका है, लेकिन अब तक केवल करीब 25 प्रतिशत सडक का ही निर्माण पूरा हो सका है। सबसे अधिक परेशानी मेघनाथ चौक से बच्चा जेल की ओर करीब 200 मीटर लंबे हिस्से में हो रही है, जहां लगभग 10 दिन पहले सड़क की खुदाई कर दी गई थी, लेकिन अब

तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया। दूसरी ओर बीच के कई हिस्सों में सड़क अधूरी छोड़ दी गई है, जिससे पूरी सड़क पर आवागमन अव्यवस्थित हो गया है।

**पांच वार्डो से गुजरती है सडक** : उल्लेखनीय है कि 7.89 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली कारगिल चौक से अखाड़ा चौक होते हुए गाड़ाघाट ओल्ड एनएच तक 2.70 किमी की सडक नपा बैतूल के महावीर, चंद्रशेखर, प्रताप, इंदिरा एवं अम्बेडकर वार्डो से गुजरती है। इसके अलावा शहर के उक्त व्यस्ततम मार्ग में लिंक रोड पर बडी संख्या में हॉस्पीटल, मेडीकल स्टोर्स, बडे स्कूल, कोचिंग संस्थान सहित अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठान स्थित है। साथ ही अखाड़ा चौक टिकारी में सुप्रसिद्ध हनुमान मंदिर स्थित है। जिसके चलते इस मार्ग पर वाहनों का मूवमेंट अधिक होने से अक्सर ट्रैफिक रहता है। इस अतिव्यस्तम सडक निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। निर्माण की धीमी गति से लोगों में नाराजगी बनी हुई है। लोगों का कहना है कि जितनी सड़क बनाई जानी है, उतनी की ही खुदाई करनी थी, लेकिन खुदाई के बाद सड़क जस की तस छोड़ दी है।

> मौके का निरीक्षण कर स्थिति देखी जाएगी। ठेकेदार जल्द और व्यवस्थित निर्माण के निर्देश दिए जाएंगे।
>
> **- मनीष मरकाम, ईई पीडब्ल्यूडी बैतूल।**

### 10 मीटर चौड़ी बनना है सड़क

कारगिल चौक से गाड़ाघाट तक लिंक रोड की चौड़ाई करीब 7 मीटर है। टू-लेन निर्माण के लिए इसको करीब 10 मीटर चौड़ा किया जा रहा है। कुल 2140 मीटर हिस्से सीसी रोड और 560 मीटर हिस्से में डामरीकृत सडक बनेगी। सडक की चौड़ाई बढने से वाहन चालकों को आवागमन में फायदा मिलेगा। इटारसी रोड गाड़ाघाट से सीधे कारगिल चौक पहुंचा जा सकेगा। अभी भी इसी मार्ग से लोग आना-जाना करते हैं। टू-लेन बनने से इस सडक से आवागमन आसान हो जाएगा। वहीं टिकारी क्षेत्र के रहवासियों को भी इस सड़क के बनने से फायदा होगा। लोग सीधे गंज रेलवे स्टेशन व कोठीबाजार बस स्टैंड पहुंच सकेंगे। बताया जा रहा है कि यहां अब तक डामर सडक है, इसकी जगह पर करीब 7 करोड़ की लागत से दो किमी लंबी सीसी सडक बनाई जायेगी। इसमें बीच में कुछ हिस्सा डामर सडक का रहेगा।

### बारिश के कारण खुदी सड़क पर भर रहा पानी

बारिश के कारण खुदी हुई सड़क पर पानी भर गया है और जगह-जगह कीचड़ फैल गया है। जिससे दोपहिया वाहन चालकों को फिसलने का खतरा बना हुआ है, जबकि चारपहिया वाहन भी उबड़-खाबड़ रास्ते के कारण धीमी गति से चल रहे हैं। पैदल चलने वाले लोगों, स्कूली बच्चों, मरीजों और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों का कहना है कि सड़क निर्माण नियमानुसार चरणबद्ध तरीके से होना चाहिए, ताकि एक हिस्से का काम पूरा होने के बाद ही दूसरे हिस्से की खुदाई की जाए। लेकिन ठेकेदार द्वारा कहीं भी खुदाई कर दी जा रही है और कई स्थानों पर निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। इससे पूरे क्षेत्र में अव्यवस्था की स्थिति बन गई है। स्थानीय नागरिकों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों पर भी अनदेखी का आरोप लगाया है।

### एक नजर में

#### कलेक्टर ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**बैतूल।** कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने शनिवार को शहर का भ्रमण कर विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सर्किट हाउस में चल रहे रिनोवेशन कार्य का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने प्रस्तावित नवीन सर्किट हाउस के संबंध में भी हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह सहित हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

#### शासकीय कन्या शाला में हुआ पौधारोपण

**बैतूल।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की योजना मेरा युवा भारत बैतूल के द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शासकीय कन्या शाला गंज बैतूल परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नर्मदा प्रसाद मिश्रा, ज्योति गीद, शिक्षक महेश गुंजेले, राधेलाल बनखेडे व धनंजय सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। मेरा युवा भारत बैतूल के स्वयंसेवकों द्वारा विद्यालय परिसर में छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। पौधरोपण के दौरान वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के दौर में पेड़ लगाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। मेरा युवा भारत के माध्यम से जिले भर में युवा मंडल, महिला मंडल और स्वयंसेवकों द्वारा लगातार पौधारोपण किया जा रहा है। साथ ही लगाए गए पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी भी स्वयं लेने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर महेश गुजेले ने बताया कि पेड़ हमें ऑक्सीजन, छाया, फल, औषधि और शुद्ध वातावरण प्रदान करते हैं। पेड़ केवल पर्यावरण ही नहीं बल्कि मानव जीवन के आधार हैं। राधेलाल बनखेडे ने अपने संबोधन में जल संरक्षण और वृक्ष संरक्षण को एक-दूसरे से जोड़ते हुए कहा कि यदि हम पेड़ बचाएंगे तभी जल बचेगा और जीवन बचेगा। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण की सामूहिक शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम के दौरान मेरा युवा भारत पोर्टल पर पंजीयन की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

## टिकारी सब स्टेशन पर मेंटेनेंस के चलते बंद रहेगी बिजली

**बैतूल। बिजली कंपनी द्वारा 12 जुलाई को 33/11 केव्ही सब स्टेशन टिकरी का मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा।**

मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल जोन-2 के प्रबंधक शहर ने बताया कि रविवार को मेंटेनेंस कार्य के चलते सुबह 10 से दोपहर 2 बजे 11 केव्ही फीडर टिकारी के बच्चा जेल, प्रताप वार्ड, महावीर वार्ड, अखाड़ा चौक, जेरी चौक, गाड़ाघाट पम्प, पटने आटा चक्की, नागदेव मंदिर टिकारी, ईशाई चौक, नर्स ट्रेनिंग स्कूल, कृष्णापुरा, ठाकरे की चाल मोती वार्ड, डॉ कसेरा, गोठी कालोनी, दादावाड़ी, गोठी कालोनी, फॉसी खदान, डॉ.पाड़ी गौठाना नाका, शारदा नगर वैष्णवी नगर, गंगोत्री कालोनी, कमानी गेट, थाना चौक मांग मोहल्ला, दुर्गा वार्ड, गूड़ बाजार, गांधी चौक, साई मंदिर टिकारी, ग्रीन स्टेट कालोनी, भुजलिया घाट आदि क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। इसी प्रकार रविवार को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक 11 केव्ही फीडर सदर के एमपीईबी कालोनी, अग्निहोत्री कालोनी, सतपाल आश्रम, प्रताप वार्ड, सुपर किराना, सिंडीकेट बैंक, एसबीआई बैंक, गेंदा चौक, ब्रहमकुमारी आश्रम, मानस नगर, आईटी आई, एफसीआई गोडाउन, विनायक रेसीडेन्सी, दारू भटटी रोड, मिल्क प्लॉट, एचएमटी फेक्ट्री तथा 11 केव्ही टाउन - 1 के कोर्ट परिसर, मुल्ला पेट्रोल पम्प, पुलिस पेट्रोल पम्प, पुलिस कन्ट्रोल रुम, जिला पंचायत, ट्राइबल कार्यालय, एमपीईबी कार्यालय आदि क्षेत्र क्षेत्र में विद्युत सप्लाई प्रभावित रहेगी। इसके अलावा रविवार को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक 11 केव्ही टाउन - 2 के लिंक रोड, चंद्रशेखर वार्ड, कारगील चौक, पीडब्लूडी कालोनी, बारस्कर कालोनी, इंदिरा वार्ड, आजाद वार्ड, गर्ल्स कॉलेज, कोठी बाजार, कंपनी गार्डन, वीवीएम कालेज, तल्लैया मोहल्ला, अम्बेडकर चौक, उमप किराना, राठी अस्पताल, ड्रीम होम्स कालोनी, नेहरू पार्क, बस स्टेंड, एमजी काम्प्लेक्स, लल्ली चौक, सीमेंट रोड आदि क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि किन्हीं अपरिहार्य कारणों से समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

**कई इलाको में आज चार घंटे की कटौती**

**सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगी बिजली बंद**

## नि :शुल्क वितरण से विद्यार्थियों के चेहरे खिले

**पाथाखेड़ा। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारनी में शनिवार को आयोजित नि:शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए यादगार बन गया।**

शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत छात्र-छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं, जिससे उनके चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ झलकता दिखाई दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य दूर-दराज क्षेत्रों से विद्यालय आने वाले विद्यार्थियों की पढ़ाई को सुगम बनाना और उन्हें शिक्षा से निरंतर जोड़कर रखना है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बर्दे ने विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने तथा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की यह योजना ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। साइकिल मिलने से विद्यार्थियों का समय बचेगा, उनकी विद्यालय में उपस्थिति बढ़ेगी और वे अपने भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में और अधिक उत्साह के साथ आगे बढ़ सकेंगे।

## उपजेल में एआईएमआईएम पार्टी ने किया पौधारोपण

**मुलताई।** नगर के उप जेल में शनिवार को ऑल इंडिया मजलिसे इस्तेहादुल मुस्लिमी पार्टी ने पौधारोपण किया। जिसमे पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष आमिर अहमद (अल्ताफ), शेख जानू ,शेख अमीन ,सिराजुद्दीन शेख मोसु ,समीर खान, शेख आसिफ, शेख फिरोज, शाहरुख भाई, वाजिद खान, साहिल भाई, आमीन भाई, शिवा भाई, शहजाद भाई ,आतिफ नेता, राजेश खडसे, युवराज पोटफोड़े एवं सब जेल मुलताई के अधीक्षक दिनेश कुमार दांगी एवं जेल के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जेल अधीक्षक दिनेश कुमार ने आम जनता को संदेश दिया कि जीने के लिए पर्यावरण की सबसे ज्यादा आवश्यकता पड़ती है इसलिए हम सबको पेड़ पौधों की रक्षा करनी चाहिए और अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाना चाहिए। उन्होंने कहा जेल परिसर में काफी स्थान है अगर जिस किसी भी समाज सेवी को पौधारोपण करना है तो वह जेल परिसर में आकर पौधारोपण कर सकते हैं उन्होंने कहा कि आपका काम सिर्फ पौधा लगाने का है और उसे पालने की जिम्मेदारी हमारे जेल विभाग की है।

## सुनीता देशमुख महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नियुक्त

**बैतूल।** भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे , संभाग प्रभारी कांतदेव सिंह , जिला संगठन प्रभारी सूदर्शन गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार की सहमति से महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष का दायित्व सुनीता देशमुख को मिलने पर नवनियुक्त महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष का जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने स्वागत किया। इस अवसर पर श्री पंवार ने कहा कि महिला मोर्चा भाजपा परिवार का अहम हिस्सा है।

सुनीता देशमुख हमारी पार्टी की सहज सरल और सशक्त कार्यकर्ता है जिन पर प्रदेश नेतृत्व ने भरोसा जताया है यह निश्चित रूप से उस विश्वास पर खरा उतरते हुए मोर्चे को नए आयाम तक लेकर जाएगी। इस दौरान नवनियुक्त महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनीता देशमुख ने कहा कि प्रदेश और जिला नेतृत्व ने जो विश्वास जताया है उस विश्वास पर पूरी निष्ठा के साथ खरा उतरते हुए सभी बहनों के साथ मिलकर संगठन को नई उचांई प्रदान करने का प्रयास करूंगी। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री कृष्णा गायकी, ममता मालवी, महेश राठौर सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हरदा में पत्रकार कल्याण परिषद का सम्मेलन 12 जुलाई को

**भौंरा।** पत्रकार कल्याण परिषद द्वारा आगामी 12 जुलाई रविवार को हरदा स्थित द रॉयल पाम रिसॉर्ट एंड गार्डन में अंतरसंभागीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन का समय प्रात: 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, खंडवा, सिवनी एवं देवास सहित विभिन्न जिलों के पत्रकारों को आमंत्रित किया गया है। पत्रकार कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष वेदान्ती त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में पत्रकार हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर मंथन किया जाएगा। संगठन की ओर से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने, पत्रकारों के उत्पीड़न पर रोक लगाने तथा पत्रकारों के विरुद्ध झूठे मुकदमों पर प्रभावी कार्रवाई जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। पत्रकार कल्याण परिषद के राष्ट्रीय प्रभारी सैयद महमूद अली चिश्ती ने सभी पत्रकार साथियों से सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन पत्रकारों की एकजुटता, अधिकारों और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श का सशक्त मंच बनेगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की सक्रिय भागीदारी से संगठन और अधिक मजबूत होगा।

## अपराध से न डरें, तुरंत पुलिस को दें सूचना : धुर्वे

**बैतूल। महिलाओं की सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव और सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राम बांसपानी के पंचायत भवन में महिला थाना बैतूल द्वारा महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं और ग्रामीणों को कानून, सुरक्षा उपायों तथा अपराध की सूचना देने के महत्व से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक बैतूल के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम में एसआई रामकृष्ण धुर्वे ने कहा कि यदि किसी भी प्रकार की घटना या अपराध सामने आए तो लोग बिना डरे तत्काल पुलिस को सूचना दें। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है तथा न्यायालय के निर्देशों के अनुसार किसी भी प्रकार से उसे परेशान नहीं किया जाएगा। उन्होंने बढ़ते साइबर अपराधों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर फोटो या अन्य माध्यम से ब्लैकमेल कर रुपए मांगने जैसी घटनाओं की तत्काल पुलिस को सूचना दें। साथ ही उन्होंने नशे से दूर रहने का भी संदेश दिया।

## प्राकृतिक जीवनशैली अपनाएं, बीमारियों से बचें : डॉ . हरेकृष्ण शर्मा

**बैतूल।** स्वदेशी जागरण मंच एवं नव वसुंधरा श्रृंगार जन कल्याण फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में स्वस्थ मध्य प्रदेश अभियान के अंतर्गत विशाल नि:शुल्क योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिला प्रचार प्रमुख योगेश रोचलानी ने बताया कि यह अभियान देश-विदेश में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के विस्तार में सक्रिय अभियान के मार्गदर्शक एवं संरक्षक डॉ. अंकेश सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिला संयोजक धर्मेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि शिविर की शुरुआत प्रात:कालीन योग सत्र से

हुई, जिसमें 100 से अधिक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। इसके बाद प्रतिभागियों का नि:शुल्क नाड़ी परीक्षण, स्वास्थ्य परामर्श तथा उनकी प्रकृति और स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार व्यक्तिगत डाइट चार्ट उपलब्ध कराया गया। आयुष विभाग की ओर से आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा परामर्श के साथ नि:शुल्क औषधि वितरण भी किया गया। मुख्य वक्ता नाड़ी वैद्य एवं योग-प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. हरेकृष्ण शर्मा ने कहा कि प्राकृतिक जीवनशैली ही प्राकृतिक चिकित्सा का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि अधिकांश बीमारियां गलत जीवनशैली, अनियमित दिनचर्या, तनाव, जंक फूड, रासायनिक भोजन, शारीरिक निष्क्रियता और प्रकृति से बढ़ती दूरी का परिणाम हैं। यदि व्यक्ति नियमित योग, प्राणायाम, ध्यान, सात्विक एवं संतुलित आहार, पर्याप्त जल सेवन, समय पर विश्राम तथा सकारात्मक सोच अपनाए तो मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, थायरॉइड, जोड़ों का दर्द, पाचन संबंधी विकार और मानसिक तनाव जैसी जीवनशैली जनित बीमारियों से बचाव संभव है।

## एएनएमटीसी प्रशिक्षण केन्द्र में कार्यशाला आयोजित

**बैतूल।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर 11 जुलाई को एएनएमटीसी प्रशिक्षण केन्द्र टिकारी बैतूल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ जगदीश घोरे ने बताया कि भारत शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष 11 जुलाई से 18 जुलाई 2026 के मध्य विश्व जनसंख्या दिवस अभियान मनाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य सही समय पर गर्भावस्था तथा दो बच्चों के मध्य सही समय के अंतर को स्वैच्छिक साधनों के उपयोग से बढावा देना है, जिससे मातृ मृत्यु एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार किया जा सके। प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन सह मुख्य

अस्पताल अधीक्षक डॉ घोरे ने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि इस संदेश को हर समुदाय तक पहुंचा कर सीमित संसाधनों और बढ़ती जनसंख्या के दुष्प्रभाव के बारे में लोगों को जागरूक करें, ताकि लोग छोटा परिवार अपनाकर अपना और समाज के भविष्य को बेहतर बना सके। छोटा परिवार रखने से संसाधनों का बेहतर उपयोग कर सकते हैं। जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ राजेश परिहार ने परिवार कल्याण के विभिन्न साधनों की जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के दौरान प्रत्येक लक्ष्य दम्पत्ति को परिवार नियोजन के कोई न कोई साधन से सुरक्षित करें। इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस अभियान की थीम मां और बच्चे की अच्छी सेहत के लिये गर्भधारण के लिए सही समय तथा गर्भावस्था के मध्य सही अंतर रखा जाना जरूरी है।

## राज्य जूडो अकादमी में प्रवेश के लिए चयन ट्रायल आयोजित

**बैतूल।** खेल और युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेश के तत्वावधान में शनिवार को स्थानीय शासकीय कन्या क्रीड़ा परिसर हमलापुर में मध्य प्रदेश राज्य जूडो अकादमी भोपाल में प्रवेश के लिए एक दिवसीय चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। इस चयन प्रक्रिया में बैतूल जिले के समस्त विकासखंडों से लगभग 50 जूडो खिलाड़ियों ने भाग लिया। भोपाल से आए खेल और युवा कल्याण विभाग के प्रतिनिधि श्री गोविन्द रजाक प्रशिक्षक एवं श्री जयप्रकाश यादव प्रशिक्षक ने प्रतिभागी खिलाड़ियों के शारीरिक मापदंडों, फिटनेस और जूडो खेल कौशल का बारीकी से परीक्षण किया। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती पूजा कुरील ने बताया कि इस ट्रायल का मुख्य उद्देश्य राज्य की प्रतिभाओं को तराशना है। उन्होंने कहा कि चयन प्रक्रिया में सफल होने वाले खिलाड़ियों को मध्य प्रदेश राज्य जूडो अकादमी, भोपाल में प्रवेश दिया जाएगा। अकादमी में चयनित खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय खेल प्रशिक्षण के साथ-साथ नि:शुल्क शिक्षा, आवास और डाइट की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वे भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन कर सकें। प्रतिभा चयन कार्यक्रम को सफल बनाने में क्रीड़ा अधिकारी जनजातीय कार्य विभाग विनय यादव, छात्रावास अधीक्षिका श्रीमती अनिता जौधलेकर एवं समस्त प्रशिक्षक, समस्त युवा समन्वयक खेल विभाग का विशेष सहयोग रहा।

## तीन दिवसीय योग-प्राकृतिक चिकित्सा शिविर शुरू

**बैतूल।** परम तपस्वी संत श्री श्री 1008 निकूदास जी महाराज ध्यान एवं साधना केंद्र, रानीपुर आश्रम में गौ ग्राम संस्कृति संरक्षण समिति के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय मन:शांति एवं शरीर शुद्धि योग, प्राकृतिक चिकित्सा एवं आध्यात्मिक शिविर का शनिवार को शुभारंभ हुआ। शिविर के प्रथम दिन भोपाल, मासोद, हिडली, आठनेर, बैतूल सहित आसपास के नगरों एवं दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष प्रतिभागियों ने पहुंचकर शिविर का लाभ लिया। शिविर की शुरुआत प्रात:कालीन प्रार्थना और योग सत्र से हुई। इसके बाद अनुभवी प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान, योगिक शुद्धि क्रियाएं (शटकर्म), प्राकृतिक चिकित्सा

के सिद्धांत, सात्त्विक जीवनशैली, प्राकृतिक आहार, व्हीटग्रास जूस, फलाहार तथा स्वास्थ्य संरक्षण के प्राकृतिक उपायों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। आश्रम के शांत, प्राकृतिक और आध्यात्मिक वातावरण में आयोजित ध्यान एवं आत्मचिंतन सत्र ने प्रतिभागियों को मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और आत्मिक आनंद का अनुभव कराया। शिविर का संचालन एवं मार्गदर्शन डॉ. नवीन वागद्रे, डॉ. नवीन वागद्रे, बीएनवाईएस (प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ), लेखक एवं स्वास्थ्य शिक्षाविद् तथा उनकी टीम द्वारा किया जा रहा है। टीम ने प्रतिभागियों को प्राकृतिक चिकित्सा के मूल सिद्धांतों, पंचमहाभूत आधारित उपचार पद्धति, रोगों की रोकथाम, स्वस्थ दिनचर्या तथा योग और ध्यान के वैज्ञानिक महत्व की विस्तृत जानकारी दी।